>

Title: Request to establish a central school in district of Jaunpur, U.P.

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं । मैं जिस जिले की नुमाइंदगी कर रहा हूं वह जौनपुर है, वह उत्तर प्रदेश का प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है । प्राचीन काल से शिक्षा एवं संस्कृति का केन्द्र रहा है इसी कारण से इसे शिराजे हिन्द भी कहते हैं इसका मतलब शिक्षा का केन्द्र होता है । इतिहासकारों के अनुसार शेरशाह सूरी ने भी यहीं से शिक्षा ग्रहण की । शेरशाह सूरी का बनवाया हुआ किला आज भी शहर के मध्य में मौजूद है । तेरहवीं और चौदहवीं शताब्दी में जौनपुर शर्की किंगडम की राजधानी भी हुआ करता था । अकबर ने वासियों की सुविधा के लिए शहर के मध्य से प्रवाहित होने वाली गोमती नदी पर शाही पुल का निर्माण कराया था जो आज भी मौजूद है तथा इसे शाही पुल के नाम से ही जानते हैं ।

जौनपुर शिक्षा के क्षेत्र में भी सिरमौर रहा है । अगर ऑल इंडिया सर्विसेज लेवल का ग्रेडेशन लिस्ट देखें तो आईएएस, आईपीएस, आईएफएस देखें तो आज पाएंगे जौनपुर में सबसे ज्यादा ऑल इंडिया सर्विसेज के ऑफिसर्स हैं । उसी तरह से प्रदेश में भी देखें तो पीसीएस और अन्य सर्विसेज में जौनपुर शहर के सबसे ज्यादा लोग हैं । जौनपुर जनपद में एक यूनिवर्सिटी है और कई दर्जन डिग्री कॉलेज हैं । उसी में से एक सिरमौर कॉलेज है, तिलकधारी डिग्री कॉलेज है जहां से मैं पढ़ा हूं ।

महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं । चिराग तले अंधेरा होता है । एमपी होने के बाद जब मुझे सेंट्रल स्कूल में एडमिशन के लिए कूपन इश्यू करना पड़ा, तब मुझे यह पता लगा कि जौनपुर सब कुछ होते हुए भी सेंट्रल स्कूल नहीं है । मुझे यह बताया गया कि हमारे बच्चे नेबरिंग डिस्ट्रिक्ट बनारस या इलाहाबाद में पढ़ने के लिए जाएंगे ।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि जौनपुर जनपद के साथ बहुत बड़ी ज्यादती है, बहुत बड़ा अन्याय है, एक सेंट्रल स्कूल की स्थापना जौनपुर जनपद में शीघ्र हो । ऐसा आप उत्तर प्रदेश या केन्द्रीय विद्यालय संगठन को निर्देशित करने का कष्ट करें, कृपा करें ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आठ बजे तक सदन चलेगा, आप अपनी बात एक-एक मिनट में कह दें ।